हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज़

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद
Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026
Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD
aries agro limited
KSC TECHNO PVT. LTD. Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA
tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति
AVK™
ANA ए.एन.आटोमोबाईल
AE AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

सिवनी के पांच वूशु खिलाड़ियों का राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन



बहेराडीह। ग्राम पंचायत सिवनी के पांच खिलाड़ियों का चयन 25वीं जूनियर राष्ट्रीय वूशु चैंपियनशिप के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में चार बालिकाएं भूमि देवांगन, भूमिका देवांगन, दीप्ति महंत, गुंजन श्रीवास और एक बालक एरिक फॉक शामिल हैं। ये खिलाड़ी 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में वूशु प्रशिक्षक गुलाब चंद यादव, प्रीतम दास महंत और ममता देवांगन का महत्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्रीय पदक विजेता गुलाब चंद यादव जिला वूशु संघ के सचिव एवं कोच हैं, जबकि प्रीतम दास महंत भी राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी और संघ के कोच हैं। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में चयनित खिलाड़ी नियमित अभ्यास कर रहे हैं। सिवनी हाई स्कूल मैदान में संचालित वूशु मार्शल आर्ट्स क्लास में 50 से अधिक बालक-बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यहां उन्हें मार्शल आर्ट्स की तकनीकों के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चार बालिकाओं का चयन ग्रामीण क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक है।जिला जांजगीर-चांपा वूशु संघ ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गायत्री पाण्डेय, रीता धीवर, रुखमणी पांडे, दिव्या यादव, अविनाश मांझी, राहुल राठौर, फलेश पाण्डेय, मनोज महंत, रूपेश देवांगन, देव महंत, पूनम महंत, ममता देवांगन और रीतिका सिंह सहित खेल से जुड़े अन्य लोगों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। गांववासियों को उम्मीद है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सिवनी, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

अमृत सरोवर में चला स्वच्छता अभियान तालाब के पार पर किया पौधरोपण



जांजगीर-चांपा। जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पुटपुरा में शासन द्वारा चयनित अमृत सरोवर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों और महिला स्व सहायता समूहों की सहभागिता से आयोजित इस अभियान में सभी वर्गों ने निःस्वार्थ भाव से श्रमदान कर तालाब परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान तालाब के पार पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपित किए गए।अभियान में ग्रामीणों और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सामूहिक प्रयासों से अमृत सरोवर की स्वच्छता के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधरोपण के माध्यम से जलस्रोतों के आसपास हरियाली बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर जल जन सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक नरेंद्र कौशिक ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहां ईश्वर का वास होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर-द्वार के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए ऐसे अभियानों में अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी निभाने की अपील की।स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत पुटपुरा की सरपंच श्रीमती सुचिता राठौर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर राठौर, जांजगीर ग्रामीण भाजपा मंडल महामंत्री साकेत तिवारी, नान्हू कुमार, जनपद पंचायत नवागढ़ के वीबी जीरामजी कार्यक्रम अधिकारी सुश्री धरमीन सिंगरौल, गंगाराम, देवा यादव, अजय राठौर, सुरेंद्र पांडेय, लवकेश राठौर, ग्राम पंचायत सचिव सुनीत सोना, रामकिरण, जय कुमार डाहरे, राठौर, अमरनाथ राठौर, लाला और दिलीप करियरे सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे।





आकर्षक विद्युत सजावट के साथ पहली बार डांडिया नृत्य का शुभारंभ

मां अष्टभुजी के दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, 33 सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अड़भार-मालखरौदा

ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी अड़भार में शारदीय क्वार नवरात्रि का पर्व 11 अक्टूबर से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया है। नगर में विराजमान मां अष्टभुजी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में लगभग 3300 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया है।


नवरात्रि पर्व को लेकर मां अष्टभुजी मंदिर प्रांगण को आकर्षक विद्युत लाइटों एवं रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है। इस वर्ष श्रद्धालुओं के उत्साह को और बढ़ाने के लिए डांडिया नृत्य का भी शुभारंभ किया गया है, जिसमें भक्तजन उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। मान्यता है कि इमली के पेड़ के नीचे विराजमान मां अष्टभुजी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करने के लिए लोट मारते हुए माता के दरबार तक पहुंचते


माता का दर्शन पूजन करते श्रद्धालु।


हैं तथा अपनी श्रद्धा के अनुसार ज्योति कलश भी प्रज्वलित करवाते हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में दर्शन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला लगातार जारी है। मां अष्टभुजी की नगरी अड़भार ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। नगर की पहचान यहां के 126 तालाबों, प्राचीन बरगद एवं पीपल के वृक्षों और पुरातात्विक अवशेषों से जुड़ी हुई है। नगर में खुदाई के दौरान समय-समय पर खंडित मूर्तियां मिलने की बात भी सामने आती रही है, जो इसकी प्राचीन ऐतिहासिक विरासत की ओर संकेत करती हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव ने मां अष्टभुजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र सहित समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। मंदिर में श्रद्धालुओं की सेवा, व्यवस्था एवं धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अड़भार मंडल अध्यक्ष जीवेंद्र गबेल, उपाध्यक्ष एवं एल्डरमेन बसंत धीरज, महामंत्री एवं एल्डरमेन नितिन शुक्ला, कमलेश साहू, रमेश देवांगन सहित नगरवासी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। मां अष्टभुजी के जयकारों से अड़भार नगरी गूंज रही है। नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पूरे नगर में भक्ति, आस्था और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।


जगह-जगह विराजी मां दुर्गा


नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति माझाखोल सेरो


नव युवक दुर्गा उत्सव समिति बीच बस्ती मंझाखोल कर्रापाली


नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति गांधी चौक फगुरम


जय दुर्गा उत्सव समिति मिलपारा फगूरम


ब्लॉक कॉलोनी मालखरौदा


गौरा चौक मालखरौदा


राजा पारा मालखरौदा


शिव तलाब ग्राम पंचायत बीरभाठा


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति तिलाईभाठा फगुरम

नवरात्र के अवसर पर रहसबेड़ा में आज होगा जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन

अकलतरा। नवरात्र पर्व के अवसर पर नव शक्ति दुर्गोत्सव समिति, वार्ड क्रमांक 15 एवं 16, रहसबेड़ा अकलतरा के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर गुरुवार को पंचमी के दिन किया जाएगा। प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे से रहसबेड़ा स्थित दुर्गा उत्सव पंडाल में प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ने नगर एवं क्षेत्र के समस्त नागरिकों और जसगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी दलों को आकर्षक नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 15 हजार रुपये एवं शील्ड स्वर्गीय मिलेराम भुवने की स्मृति में उनके सुपुत्र सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लखन लाल भुवने द्वारा प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपये एवं शील्ड स्वर्गीय शिवशंकर खाडेल की स्मृति में उनके सुपुत्र केतन खाडेल एवं कमलेश खाडेल, संचालक हमसफर ढाबा फैमिली रेस्टोरेंट, फोरलेन-49 अकलतरा द्वारा दिया जाएगा। इसी क्रम में तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये एवं शील्ड स्वर्गीय विश्राम प्रसाद दिनकर, सहायक अधीक्षक ग्रेड-2 की स्मृति में उनके सुपुत्र बोधराम दिनकर, सीएमओ द्वारा प्रदान किया जाएगा। वहीं चतुर्थ पुरस्कार 2,500 रुपये एवं शील्ड स्वर्गीय जमादार शोल्डे, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक की स्मृति में उनके सुपुत्र केदार शोल्डे एवं पौत्र दैविक शोल्डे द्वारा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच प्रतिभागी टीमों को समिति की ओर से 501-501 रुपये के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में पूर्व प्राचार्य के.डी. वैष्णव एवं पूर्व प्राचार्य जीवनलाल भानु अपनी भूमिका निभाएंगे। प्रतिभागी जसगीत मंडलों से अपने वाद्य यंत्र साथ लेकर आने का आग्रह किया गया है।

मां धुत्तीन दाई के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, जसगीतों से गूंज रहा कोनारगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला-कोनारगढ़

ग्राम कोनारगढ़ में लीलगर नदी के तट पर विराजमान आदिशक्ति मां धुत्तीन दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आस्था के दीप जगमगा रहे हैं। 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक आयोजित नवरात्रि कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में इस बार 247 तेल कलश और 29 घी कलश सहित कुल 276 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। इस वर्ष बाहर के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ज्योति प्रज्वलित कराई है। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन गांव की जस मंडलियों के साथ बाहर से आने वाली जस मंडलियों द्वारा जसगीत और माता सेवा के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। लीलगर नदी के तट पर स्थित मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जिससे रात के समय मंदिर का नजारा देखते ही बनता है। रोशनी से जगमगाता मां का दरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सुबह और शाम होने वाली आरती में पंडा, भक्त एवं ग्रामवासी शामिल होकर मां की आराधना कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी राम तिवारी ने बताया कि नवरात्रि के अंतर्गत शनिवार को सप्तमी पूजा, रविवार को अष्टमी पूजा के साथ कालरात्रि एवं कुंवारी पूजा तथा सोमवार, 19 अक्टूबर को नवमी पूजा, हवन और विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में तीन दिवसीय नवरात्रि मेले का आयोजन भी रखा गया है। मां के प्रति अटूट आस्था रखने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए लोट मारते हुए और भुइयां नापते हुए मंदिर परिसर तक पहुंचते हैं। धनेश्वर निषाद ने बताया कि इस वर्ष मंदिर में तेल और घी के कुल 276 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। नवरात्रि कार्यक्रम के सफल संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए केवट समाज के लोग पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर में दर्शन, पूजा-अर्चना और अन्य व्यवस्थाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता में 86 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, 13 का राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में 13 अक्टूबर को मिनी स्टेडियम पामगढ़ में जिला स्तरीय अंडर-14 एवं अंडर-16 बालक-बालिका एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सुबह 8 बजे से शुरू हुई प्रतियोगिता में जिले के 86 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित 13 खिलाड़ी नवंबर में हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की निडजाम-प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लंबी कूद, 60 मीटर एवं 600 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, किड्स जेवलिन थ्रो और ट्रायथलॉन की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लंबी कूद बालिका वर्ग में जया यादव प्रथम, राधिका नाग द्वितीय और श्वेता टंडन तृतीय रहीं। बालक वर्ग में युवराज केवट ने प्रथम, रंजीत पटेल ने द्वितीय और महेंद्र पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 60 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में जया यादव प्रथम, रिया यादव द्वितीय और प्रेरणा जसवाल तृतीय रहीं। बालक वर्ग में युवराज प्रथम, यशपाल द्वितीय और रंजीत तृतीय रहे।600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में गुलशन पटले प्रथम, चंद्रहास पटेल द्वितीय और दुर्गेश मरावी तृतीय रहे। बालिका वर्ग में प्रेरणा वेद्राम ने प्रथम और श्वेता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। गोला फेंक बालक वर्ग में रणवीर प्रथम, गौरव द्वितीय और



प्रेम तृतीय रहे। बालिका वर्ग में कांति केवट प्रथम, राधिका द्वितीय और ममता गोंड तृतीय रहीं। भाला फेंक बालक वर्ग में आदित्य प्रथम और देवेंद्रकृष्ण द्वितीय रहे। किड्स जेवलिन थ्रो बालक वर्ग में योगेंद्र प्रथम, अनय द्वितीय और भवानी तृतीय रहे। ट्रायथलॉन ए बालिका वर्ग में रमा केवट प्रथम, अंजलि द्वितीय और ग्रेसी तृतीय रहीं। ट्रायथलॉन बी में राधिका यादव प्रथम, माही रात्रे द्वितीय और नीलम कर्ष तृतीय रहीं, जबकि ट्रायथलॉन सी में साक्षी प्रथम और नम्रता द्वितीय रहीं।बालक वर्ग के ट्रायथलॉन ए में योगेंद्र प्रथम, प्रिंस द्वितीय और फ्रांसिस तृतीय रहे। ट्रायथलॉन बी में भवानी प्रथम, साहिल द्वितीय और अनय तृतीय रहे। ट्रायथलॉन सी में यशवर्धन प्रथम, प्रदीप द्वितीय और भुवन तृतीय स्थान पर रहे। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने कहा कि संघ जिले में एथलेटिक्स को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने लगातार प्रयास कर रहा है। आयोजन में सहयोगी विद्या निकेतन शाला के प्राचार्य नरेंद्र पांडेय ने विश्वास जताया कि खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

महिलाओं के सम्मान में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, कांग्रेस सांसद के खिलाफ धरना

सक्ती। महिलाओं और छात्राओं के सम्मान, गरिमा एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा सक्ती ने मणिपुर के कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती विभा अवस्थी के आह्वान और जिला भाजपा अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती धनेश्वरी साहू ने किया। जेएनयू की 11 छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार एवं यौन उत्पीड़न के आरोपों के विरोध में सोमवार को महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय सक्ती से रैली के रूप में अग्रसेन चौक पहुंचीं। यहां कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया और धरने पर बैठकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'नारी का सम्मान, राष्ट्र का सम्मान' और 'नारी शक्ति अब चुप नहीं रहेगी' जैसे नारे लगाए। महिला मोर्चा ने महिलाओं की गरिमा, सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।भाजपा के कई पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता रहीं मौजूदप्रदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, महिला मोर्चा जिला प्रभारी श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, जिला उपाध्यक्ष भूषण चंद्रा एवं नेतराम चंद्रा, जिला महामंत्री दीपक अग्रवाल, प्रमोद गबेल, सुश्री आशा साव, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, श्रीमती आरती साहू, श्रीमती रजनी टंडन, श्रीमती सुशीला गबेल, मंडल अध्यक्ष दिनेश बरेठ, जगदीश चंद्रा, घनश्याम चंद्रा, श्रीमती अमिता लहरे और भानुप्रिया जायसवाल सहित युवा मोर्चा एवं विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा जिलेभर से पहुंचीं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं

सक्ती। जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु 29 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का पूरी गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर श्री के.एस. पैंकरा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम किरारी निवासी जगतराम सिदार ने जाति प्रमाण पत्र जारी कराने के सम्बन्ध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम डोगरीडीह निवासी पीताम्बर यादव ने आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में, तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम भेड़िकोना निवासी संध्या सिदार ने रोजगार प्राप्त करने के सम्बन्ध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम सलिया भाठा निवासी ईश्वर प्रसाद पटेल ने आरबीसी 6 4 के तहत नाले में डूबने से हुई मृत्यु आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया। उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सत्या वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड, पता- प्लॉट नं. 52, सेक्टर "सी" इंडस्ट्रीयल एरिया, सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495004 की ओर से डायरेक्टर- श्री प्रमोद कुमार खेड़िया आत्मज श्री चुन्नीलाल खेड़िया ने विक्रेता/ खातेदार, श्री विजय कुमार बुधिया, उम्र 64 वर्ष, पिता श्री श्याम सुन्दर बुधिया, जाति अग्रवाल, पेशा-व्यवसाय, निवासी ए.एल.-1, शिव शिवा मंदिर मार्ग अग्रोहा सोसायइटी के पास, मां शारदा अस्पताल के पास रायपुरा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) पिन-492013 के एकल भूमि स्वामी हक की मौजा ग्राम उच्चभट्ठी, पहनं. 01, रा.नि.मं. चाम्पा, तहसील -चाम्पा जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) चांपा कोरबा रोड से 50 मीटर के बाद स्थित परिवर्तीत भूमि ख.नं. 232/9 (शामिल खसरा 232/11, 232/12, 232/13) के संम्पूर्ण रकबा 5.109 हेक्टेयर में से बिक्रित रकबा 0.915 हेक्टेयर /2.26 एकड भूमि जिसकी चतुर्दिक सीमा उत्तर में सुगंधा सीटी जाने का रास्ता, दक्षिण में - वर्षा बगडिया की भूमि. पूर्व में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. की भूमि पश्चिम में वर्षा बगडिया, कैलाशचंद की भूमि और तालाब है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना की संपूर्ण राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है, वर्तमान में मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त वर्णित अचल सम्पति के हस्तांतरण एवं पंजीयन विलेख के निष्पादन की विधिक प्रक्रिया प्रचलन में हैं निकट भविष्य मे उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन कराया जाना है ।

अतः उपरोक्त वर्णित सम्पति के स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संयुक्त परिवार / संस्था / शासकीय/ अशासकीय बैंक/ निकाय/ विभाग इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या भार हो तो अपना उजर दावा, आपत्ति इस ईश्तहार/ आमसूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा के समर्थन में मूल विधिक दस्तावेजो के साथ मेरे अथवा मेरे पक्षकार के उपरोक्त दर्शित पते पर/कार्यालय में अपना दावा आपत्ति कार्यालय समय में आकर प्रस्तुत कर सकते है, 15 दिवस पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने पक्ष में पंजीयन विलेख का निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान :- कोरबा
दिनांक :- 14.10.2026

संजय शाह (अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा (छ.ग.)
मो.नं. 7000697223

युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार से गढ़ेगा विकसित छत्तीसगढ़ : तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

युवाओं के सशक्तिकरण, नेतृत्व क्षमता के विकास, नवाचार को प्रोत्साहन तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से से डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन,

- युवा उड़ान कार्यक्रम का हुआ आयोजन, प्रतिभावान युवाओं का हुआ सम्मान

चांपा में "युवा उड़ान 2026" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका चांपा अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, श्रीमती विनिता मोदी, इंजी. रवि पांडेय, अमर सुल्तानिया, कार्तिकेश्वर


प्रतिभावान युवाओं का सम्मान करते अतिथिगण।

स्वर्णकार, अमन प्रताप सिंह, आकाश सिंह, विवेका गोपाल, पुरुषोत्तम शर्मा, जितेंद्र देवांगन, संतोष थवाईत, एसडीएम चांपा शशि चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी मनोहर प्रताप सिंह, युवा अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा माथुर, जिला खेल अधिकारी एवं श्रीमती पुष्पा कोरी दिवाकर सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। युवा उड़ान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं से संवाद करने, उनकी प्रतिभा को पहचानने और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं को सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करने और देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा रचनात्मक एवं सकारात्मक सोच के साथ विकास में योगदान दे रहे हैं। खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर युवा अपनी प्रतिभा और हुनर को निखारें। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा दिनकर, प्रज्ञा खुंटे, शालू डहरिया, सूरजा कश्यप, खुशबू देवांगन, नैतिक गौतम, निहाल पाण्डेय, मंदाकनी श्रीवास, प्रशांत कहरा, शुभम डहरिया एवं सुनील मिलेंद को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सामूहिक नुक्कड़ नाटक के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, चांपा तथा सामूहिक नृत्य के लिए सरस्वती शिशु मंदिर, चांपा के छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव एवं सतीष सिंह ने किया।

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 15 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

सबसे उत्तम बलिदान आत्म-बलिदान है, जहां जीवात्मा परमात्मा में हो जाता है विलीन : पांडेय

4



खबर संक्षेप

राजनीतिक दलों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आज

सक्ती। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार जिला सक्ती में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष अभियान के संबंध में 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित राजनीतिक दलों को निर्वाचक नामावली के विशेष अभियान के विषय में आवश्यक जानकारियां दी जाएगी। सभी संबंधित राजनीतिक दलों से उक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

जिले के 1006 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर में मतदाताओं के नाम होंगे दर्ज

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के 1006 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में 17 प्लस छात्र-छात्राओं से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा रहा है। यदि किसी पात्र मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम में संशोधन कराने अथवा निर्वाचन संबंधी कोई शिकायत या समस्या है, तो वे जिले के बूथ लेवल अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

सेवा सेतु पोर्टल से महज तीन दिनों में बना आय प्रमाण पत्र, मिली त्वरित सुविधा

सक्ती। छत्तीसगढ़ शासन का सेवा सेतु पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में तहसील हसौद में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से मात्र तीन दिनों में आय प्रमाण पत्र तैयार कर आवेदक को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक मुकेश ने अपनी बहन संजना बघेल के आय प्रमाण पत्र के लिए 10 अक्टूबर को आवेदन किया था। तहसीलदार हसौद द्वारा 13 अक्टूबर को आवेदन का अनुमोदन किए जाने के बाद प्रमाण पत्र स्वीकृत किया गया। इसके पश्चात सेवा सेतु केंद्र, तहसील हसौद के माध्यम से स्वीकृत आय प्रमाण पत्र आवेदक मुकेश को सौंप दिया गया। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से कम समय में प्रमाण पत्र उपलब्ध होने से नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है।

पंजीकृत श्रमिकों के लिए पंचायतों में लगाए जा रहे ई-केवाईसी शिविर

सक्ती। छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत समस्त श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक अपने पंजीयन संबंधी विवरणों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी के अनुसार सत्यापन एवं आवश्यक सुधार कराएं। श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों में दर्ज नाम, जन्मतिथि एवं अन्य संबंधित व्यक्तिगत विवरण आधार कार्ड में उपलब्ध जानकारी के समान होना आवश्यक है। श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए श्रमिकों के पंजीयन संबंधी विवरणों का सही एवं अद्यतन होना महत्वपूर्ण है। पंजीयन अभिलेखों एवं आधार कार्ड में दर्ज जानकारी के बीच अंतर होने से हितग्राहियों को पहचान सत्यापन, योजना के आवेदन अथवा लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

शबरी धाम पहुंचे विष्णु देव, नर नारायण की पूजा कर की चित्रोत्पला गंगा की महाआरती

छत्तीसगढ़ की आस्था व सभ्यता की अविरल धारा है महानदी: सीएम साय



महाआरती में शामिल मुख्यमंत्री विष्णुदेव व साथ में उनकी पत्नी।



सीएम के साथ राजेश्री महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

माता शबरी की पावन नगरी विरीनारायण में बुधवार को महानदी तट पर आयोजित भव्य चित्रोत्पला गंगा महाआरती में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ पूरे भक्ति भाव से महानदी की महाआरती की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की। इसके पूर्व भगवान नर नारायण की पूजा अर्चना की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को शिवरीनारायण महोत्सव और शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शबरी की पुण्यभूमि में महानदी के पावन तट पर महाआरती में शामिल होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि महानदी छत्तीसगढ़ की गंगा है। यह केवल जल की धारा नहीं, बल्कि प्रदेश की आस्था, संस्कृति, सभ्यता और जनजीवन की अविरल धारा है। सदियों से महानदी ने छत्तीसगढ़ की धरती को सींचा है, कृषि और अर्थव्यवस्था को संबल दिया है और इसके तटों पर हमारी संस्कृति पुष्पित-पल्लवित हुई है। जिस तरह गंगा के प्रति देश में श्रद्धा है, उसी तरह महानदी के प्रति छत्तीसगढ़वासियों में अगाध आस्था है। नदियों के प्रति यह श्रद्धा तभी सार्थक होगी, जब हम उनके संरक्षण और स्वच्छता को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि महानदी तट पर महाआरती हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त बनाती है। प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि शिवरीनारायण की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं और इसे देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में विशेष पहचान दिलाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आनंद मिरी, नपं अध्यक्ष राहुल थवाईत, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, एसपी विजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मठ मंदिर में हुआ सीएम का सम्मान

शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि के पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शिवरीनारायण धाम पहुंचे और भगवान श्री शिवरीनारायण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने मुख्यमंत्री को धाम के धार्मिक महत्व से अवगत कराया। ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों ने शाल-श्रीफल से मुख्यमंत्री का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान गौ माता की पूजा-अर्चना भी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ श्रीमती कौशल्या साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद कमलेश जांगड़े, कमला देवी पाटले, अंबेश जांगड़े सहित त्यागी महाराज, सुखराम दास, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित विशिष्ट जन उपस्थित रहे।



टेमर फाटक के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार।

टेमर फाटक पर आरओबी निर्माण भूमिपूजन के आगे नहीं हो रहा काम

आए दिन लगता है जाम, राहगीर होते है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

टेमर समपार फाटक पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का भूमिपूजन हुए दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका है। केंद्र में भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम चरण में देशभर के 500 से अधिक ओवरब्रिजों के साथ सक्ती रेलवे स्टेशन के पास इस ओवरब्रिज का भी ऑनलाइन भूमिपूजन किया गया था।

स्थानीय कार्यक्रम में जांजगीर सांसद सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे थे। भूमिपूजन के बाद लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही जाम से निजात मिलेगी, परंतु दो साल बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ओवरब्रिज नहीं बनने से इस फाटक पर रोजाना भीषण जाम की स्थिति बन रही है। फाटक बंद होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। दोपहिया, चारपहिया, बस और ट्रकों को आधा-आधा घंटा इंतजार करना पड़ता है। फाटक खुलने के बाद भी यातायात सामान्य होने में आधा घंटा और लग जाता है। विगत 14 अक्टूबर को भी इस मार्ग पर दिनभर भारी जाम देखने को मिला। इससे मालखरौदा, डभरा, अडभार, चंद्रपुर और रायगढ़ की ओर से आने-जाने वाले ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच ग्राम पंचायत सोंठी ने ओवरब्रिज को यू-आकार में बनाए जाने की मांग उठाई है। पंचायत ने इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया है। ग्रामीणों का तर्क है कि यदि टेमर समपार पर यू-आकार का ब्रिज बनाकर उसे अन्य प्रस्तावित ब्रिज से जोड़ दिया जाए तो कई समस्याओं का एक साथ समाधान हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार रेलवे स्तर पर डिजाइन को लेकर अब तक अंतिम निर्णय नहीं हो सका है, जिसके कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा

पत्नी पर तारपीन तेल डालकर लगाई आग, आरोपी पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी पर तारपीन तेल डालकर आग लगाने के मामले में अकलतरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को 36 घंटे के भीतर रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। घटना में महिला गंभीर रूप से झुलस गई है, जिसका उपचार रायपुर के डीकेएस अस्पताल में जारी है। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी लालमणी यादव उर्फ मनीराम यादव, पिता गणेशराम यादव, निवासी करूमंहू, थाना अकलतरा, पिछले चार वर्षों से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पोड़ीभाठा वार्ड क्रमांक-1, अकलतरा में रह रहा था। बताया गया है कि आरोपी घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था। 12 अक्टूबर 2026 को भी घरेलू विवाद के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ विवाद किया। इसी दौरान उसने घर में रंग-रोगन के लिए रखे तारपीन तेल को पत्नी के ऊपर डाल दिया और माचिस से आग लगा दी। अचानक आग की लपटों से घिरी महिला जान बचाने के लिए चिल्लाते हुए घर से बाहर निकली। हालांकि, तब तक महिला गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अकलतरा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया। बाद में बेहतर उपचार के लिए उसे डीकेएस अस्पताल रायपुर भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3), 118(2) एवं 109 के अंतर्गत कार्रवाई की है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

फगुरम में हफ्तेभर से एयरटेल नेटवर्क ठप, ग्रामीण और छात्र परेशान

फगुरम। क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से एयरटेल मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। नेटवर्क ठप होने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल में सिग्नल नहीं मिलने से कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं प्रभावित हैं। नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और शासकीय व निजी कार्यों के निपटारे में दिक्कतें आ रही हैं। वहीं, आपातकालीन स्थिति में लोगों को संपर्क करने में भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल नेटवर्क आज दैनिक जीवन की जरूरत बन चुका है, ऐसे में लंबे समय तक सेवा बाधित रहना लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।

रातोंरात चमकीं शिवरीनारायण की सड़कें..

शिवरीनारायण। नगर की बदहाल सड़कों और धूल की समस्या से लंबे समय से जूझ रहे नगरवासियों को आखिर राहत मिली है। मुख्य मार्गों पर जगह-जगह गड्ढों और उड़ती धूल से व्यापारियों और राहगीरों को परेशानी हो रही थी। दशहरा महोत्सव में मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम तय होते ही नगर पंचायत सक्रिय हुई और रातोंरात सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करा दिया गया। देखते ही देखते मुख्य सड़कों की तस्वीर बदल गई।



महिला से अनाचार के आरोप में आरोपी को भेजा जेल

जांजगीर-चांपा। महिला से अनाचार के मामले में पामगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरोत्तम पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(3) एवं 64 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। पुलिस के अनुसार 13 अक्टूबर को पीड़िता घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाकर उसके साथ अनाचार किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्काल आरोपी की तलाश शुरू की और कुछ ही घंटों में उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सूर्यवंशी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

पीवी ऐप के विरोध में पटवारियों का आंदोलन दूसरे दिन भी रहा जारी, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



डिजीटल क्रॉप सर्वे को लेकर भौतिक सत्यापन करने पीवी एप में जानकारी अपलोड करने में हो रही व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर आ रही समस्याओं के विरोध में पटवारी संघ का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा।

गौरतलब है कि शासन द्वारा इस बार डिजीटल क्रॉप सर्वे को लेकर इन दिनों छूटे हुए खसरा नंबरों का भौतिक सत्यापन करने पीवी एप में जानकारी अपलोड करने का नियम बनाया गया है। इस ऐप में जानकारी अपलोड करने के लिए पटवारियों को फसल लगी हुई खेतों के बीच में जाकर उसे अपलोड करना होता है। ऐसे में हो रही व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर राजस्व पटवारी संघ द्वारा पीवी एप का बहिष्कार किया जा रहा था। इस बारे में उच्चाधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर शासन से इस दिशा में उचित पहल करने की मांग की गई थी। वहीं बात नहीं बनने पर उन्होंने आंदोलन का रूख अख्तियार किया। पटवारियों का आंदालन बुधवार 14 अक्टूबर को भी जारी रहा। इधर पटवारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाने से डिजीटल क्रॉप सर्वे, राजस्व कार्य सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है।

जल्द पानी मिलने के मिले आश्वासन के बाद स्थगित हुआ आंदोलन

जलप्रदाय के मुद्दे पर परिषद की बैठक में नहीं बन पाई सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



ज्ञापन सौंपने पहुंचे नगरवासी।

नगर पालिका सीएमओ ने जलप्रदाय के मुद्दे को लेकर पार्षद एवं वार्डवासियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में इस मुद्दे को लेकर आपसी सहमति नहीं बन पाई। साथ ही साथ पूर्व में जलप्रदाय को लेकर जो व्यवस्था बनाई गई थी, उसे बहाल करने की मांग की गई। इसे लेकर सीएमओ को ज्ञापन भी सौंपा गया। इसे लेकर प्रदर्शन भी किया गया।

गौरतलब है कि नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 में जलप्रदाय की समस्या को लेकर बुधवार 14 अक्टूबर को पार्षद माधुरी देवी पालीवाल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान वार्डवासियों ने नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराने और पूर्व निर्धारित समय पर नल चालू कराने की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन सुबह से जारी रहा। इसी बीच मुख्य नगर पालिका अधिकारी की ओर से दोपहर 12 बजे परिषद की बैठक आयोजित किए जाने की सूचना मिलने पर सुबह 11:30 बजे धरना समाप्त कर दिया गया। साथ ही प्रस्तावित चक्काजाम को भी स्थगित कर दिया गया। धरना समाप्त होने के बाद पार्षद के नेतृत्व में वार्डवासी एवं आम नागरिक नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि विगत वर्षों से जिस समय पर जलप्रदाय किया जाता रहा है, उसी निर्धारित समय पर नल चालू कराया जाए, ताकि आम जनता को पानी की समस्या से राहत मिल सके।इसके बाद जलप्रदाय के मुद्दे पर परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्षदों के बीच आपसी सहमति नहीं बन पाने के कारण अंतिम निर्णय नहीं हो सका। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने आश्वासन दिया कि एक-दो दिनों के भीतर सभी पार्षदों की सहमति से जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा।अब वार्डवासियों की नजर नगर पालिका परिषद के आगामी निर्णय पर टिकी हुई है। लोगों को उम्मीद है कि जलप्रदाय के समय को लेकर जल्द समाधान निकलेगा और उन्हें नियमित रूप से पानी मिल सकेगा।

केलो डेम के पास युवक-युवती से लूटपाट, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केलो डेम घूमने गए युवक-युवती के साथ मारपीट कर लूटपाट करने के मामले में रायगढ़ की कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है जबकि तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जोगीडीपा निवासी 22 वर्षीय सानू सारथी ने 12 अक्टूबर को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 11 अक्टूबर की शाम वह अपनी महिला मित्र के साथ बुलेट मोटरसाइकिल से केलो डेम घूमने गया था। शाम करीब 7:30 बजे जब दोनों वापस लौटने की तैयारी कर रहे थेए तभी 3.4 युवक वहां पहुंचे। युवती के साथ घूमने को लेकर सवाल करते हुए आरोपियों ने सानू के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने युवक की जेब में रखे 1500 रुपए आईफोन 12 मिनी और उसकी महिला मित्र का मोटोरोला मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी बुलेट मोटरसाइकिल की चाबी भी फेंककर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2, 309,4 और 3,5 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों व गवाहों से पूछताछ की।

खबर संक्षेप

अटल चौक से खोखसा ओवरब्रीज तक रोड डिवाइडर एवं लाईटिंग कार्य का भूमिपूजन



जांजगीर-चांपा। छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कलेक्ट्रेड चौक जांजगीर में अटल चौक (बीटीआई चौक) से खोखसा रेल्वे ओवरब्रीज के मुख्य मार्ग में 1 करोड़ 11 लाख रूपये की लागत से बनने वाले रोड डिवाइडर एवं लाईटिंग व्यवस्था के विकास कार्यों का विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर, श्रीफल तोड़कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक अम्बेश जांगड़े, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल, उपाध्यक्ष मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला मुख्यालय जांजगीर नगर का यह व्यस्ततम मार्ग है तथा कलेक्ट्रेड व अन्य प्रमुख कर्यालय को जाने वाला रास्ता है। काफी दिनों से नागरिको की यह मांग थी कि इस मार्ग का चौड़ीकरण, रोड डिवाइडर, लाईटिंग व्यवस्था से सुसज्जित किया जाये। श्री चंदेल ने उपस्थित जनों से कहा कि नागरिको के इस प्रस्ताव व मांग को स्वीकार करते हुए 1 करोड़ 11 लाख रूपये की राशि शासन ने दिया है जिसका भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। जिला मुख्यालय जांजगीर में शासन ने अनेक विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की है। श्री चंदेल ने इन सभी विकास कार्यों में आम नागरिकों को सहयोग देने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व नपाप उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, मण्डल अध्यक्ष हितेश यादव, पार्षद दिनेश राठौर, प्रेमशंकर थवाईत, पार्षद देवानंद गढ़वाल, जवाहर यादव, विक्की सिंह, सुशील सिंह, सतीश शर्मा, सोनू यादव, प्रदीप राठौर, गोलू दुबे, गज्जू कर्ष, राकेश राठौर, दिलीप बरेठ, पीडब्ल्यूडी इंजी. प्रकाश लदेर, चंद्रकांत रात्रे, सहित बड़ी संख्या में निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण कलेक्ट्रेड चौक जांजगीर में उपस्थित थे।

सोनादह के गौटीन दाई मंदिर में मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित



बिर्रा। सोन नदी के तट पर बसे ग्राम सोनादह में शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। मंदिर में 10 मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित की गई है। माता के दर्शन, पूजन-अर्चना करने श्रद्धालु मंदिर पहुंच कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना कर रहे है। जय मां गौटीन दाई के प्रति लोगों की अटूट आस्था और विश्वास के चलते प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के दौरान यहां विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

जूनियर मिस इंडिया सीजन-5 की फाइनलिस्ट बनीं दिशा

अकलतरा। जूनियर मिस इंडिया सीजन-5 के तहत आयोजित रायपुर ऑडिशन में 5 वर्षीया



दिशा अपनी प्रतिभा एवं आत्मविश्वास के दम पर प्रतियोगिता की फाइनलिस्ट चुनी गई। अब वह जनवरी माह में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने जाएगी। जूनियर मिस इंडिया -5 का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर ऑडिशन का आयोजन 10 अक्टूबर को शामरॉक होटल, एनएच-06, सेरीखेड़ी, अटल नगर-नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि दिशा अकलतरा की बेटी है और इसकी मां सुषमा मरकाम शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ हैं तथा पिता आशु मरकाम हैं। आगामी इस प्रतियोगिता में दिशा सशक्त भागीदारी के लिए जनवरी माह में मुंबई जाएगी । इसमें वह अपनी प्रतिभा को निखारने और उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। दिशा की इस कामयाबी से नगर गौरवान्वित है।

निधन

श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल

चांपा। स्थानीय अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी गौरव पथ स्थित गुरुनानक



रेसीडेंसी निवासी स्व. अमरनाथ अग्रवाल की धर्मपत्नी तथा स्टेशन रोड बरपाली चौक स्थित श्रृंगार सदन के संचालक राजकुमार अग्रवाल की माता श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल का बुधवार 14 अक्टूबर को सुबह निवास पर निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती अग्रवाल अपने पीछे तीन पुत्रों एवं दो पुत्रियों समेत नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ही दोपहर 1 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, स्वजातीय बन्धुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र राजकुमार अग्रवाल ने दी।

कचहरी चौक से निकली रैली, सात दिनों का दिया अल्टीमेटम

'भीमा' की बदहाली पर फूटा जनाक्रोश, कलेक्टोरेट पहुंचकर शहरवासियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर की ऐतिहासिक पहचान और धरोहर भीमा तालाब की बदहाल स्थिति को लेकर नगरवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। तालाब में गंदगी, दुर्गंध और गंदे पानी के भराव से परेशान नागरिकों ने भीमा तालाब बचाओ समिति के संयोजन में कचहरी चौक से कलेक्टोरेट तक जनाक्रोश रैली निकली। नागरिकों ने ज्ञापन सौंपकर सात दिनों के भीतर उचित पहल नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

बुधवार 14 अक्टूबर को भीमा तालाब बचाओ समिति के संयोजकत्व में शहरवासी कचहरी चौक पर एकजुट हुए। यहां से रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट पहुंचकर घेराव किया। इस दौरान कलेक्टोरेट के मुख्य गेट पर बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल ने गेट के पास ही भीड़ को रोक लिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भीमा तालाब के समुचित सौंदर्यीकरण के लिए डीएमएफ मद से एक करोड़ रुपये आवंटित किया जाए, तालाब में गंदे पानी के भराव पर रोक लगाने के साथ जलनिकासी की उचित व्यवस्था व व्यापक साफ सफाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भीमा तालाब केवल जलस्रोत नहीं, जांजगीर की पहचान और नगरवासियों की भावनाओं से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहर है। समिति के सदस्यों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस तालाब से नगर की पहचान जुड़ी है, आज वही गंदगी और दुर्गंध से घिरा हुआ है। तालाब के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्व में करोड़ों रुपये खर्च कर विकास कार्य किए जाने के बावजूद उचित रखरखाव के अभाव में इसकी स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। यह तालाब नगरवासियों के लिए महज पानी का एक स्रोत नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी स्मृतियों, परंपराओं



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विधायक के साथ भीमा तालाब बचाओ समिति के पदाधिकारी।

और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। यही कारण है कि नगरवासी समय.समय पर श्रमदान के माध्यम से इसे स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का प्रयास करते रहे हैं। इसके बावजूद यदि तालाब की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है, तो यह स्थानीय निकाय और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली तथा नियमित निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। समिति ने मांग की कि संबंधित विभागों की जिम्मेदारी निर्धारित कर समयबद्ध तरीके से कार्य कराया जाए ताकि भविष्य में नगर की इस ऐतिहासिक धरोहर को फिर से बदहाली का सामना न करना पड़े। भीमा तालाब बचाओ समिति के सदस्य प्रिंस शर्मा, विष्णु यादव, धीरज सिंह बैस, देवराज सिंह चंदेल यादव, भोलू मितेश यादव, राजा सिद्दीकी, चंद्रकुमार ओग्रे, मोगली मिश्रा, गज्जू साहू एवं बजरंग कहरा धर्मेंद्र यादव दुष्यंत यादव, संस्कार राठौर, सत्ता राठौर, राजा खान, हेमलता राठौर, भगवांतीं यादव, सौरभ सिंह आकाश तिवारी के संयोजन में निकाली गई। रैली में विधायक ब्यास कश्यप, दिनेश शर्मा, रमेश पैगवार, विवेक सिंह सिसोदिया, रफीक सिद्दीकी, पार्षद अरमान खान, श्रीमती रेखा सोनवान, रक्षा सिंह बैस, विजय बंटी अग्रवाल, अक्षय टेकाम, श्रीमती हेमलता राठौर, पूनम अग्रवाल, पूनम सारथी, सत्यभामा ठण्डन एंव पूरी टीम रजनी सूर्यवंशी एवं सत्यभामा टंडन मिथुन राठौर लक्ष्मी लदेर सोनू निर्मलकर हरीश धीवर आनंद राठौर सोनू राठौर, गोपाल राठौर, अजय नामदेव, कुलदीप सिंह, मोनू सिंह, विशाल साहू प्रियांक यादव, रणविजय यादव, देवेश कटकवार, चींचीं यादव, राजकुमार सारथी, प्रिंस यादव, अतुल यादव, अंकित राठौर, करन सिंह प्रभात गढ़वाल पुष्पा मोनू राठौर मनोज वस्त्रकार मनीष गोयल संजू देवांगनए सहित अनेक नागरिक शामिल हुए।



नवीन उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में कृषि अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

उप संचालक कृषि कार्यालय में नवीन उर्वरक वितरण प्रणाली 'एफएफएस ' (फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल) के संबंध में जिले के समस्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों, कृषि विकास अधिकारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि जिला सक्ती के मार्गदर्शन में दिया गया।

- रबी वर्ष 2026-27 की तैयारी एवं विभागीय समीक्षा बैठक की गई आयोजित

अनुविभागीय कृषि अधिकारी सक्ती कृतराज द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आगामी रबी वर्ष 2026-27 में किसानों को नवीन उर्वरक वितरण प्रणाली 'एफएफएस' के माध्यम से खेती के रकबे एवं फसल के आधार पर उर्वरक वितरण किया जाएगा। इस नवीन प्रणाली का सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ निजी कृषि केंद्र संचालकों तथा किसानों को भी तकनीकी जानकारी देना आवश्यक है। इसी के तहत जिले के कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस नवीन उर्वरक वितरण प्रणाली का मुख्य उद्देश्य किसानों को सही समय पर उचित मूल्य में बिना किसी परेशानी के उर्वरक उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही उर्वरक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने तथा कालाबाजारी को पूरी तरह रोकने के लिए डिजिटल फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। इस अवसर पर रबी वर्ष 2026-27 की तैयारी एवं विभागीय समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जिले के समस्त मैदानी अमले उपस्थित रहे। बैठक में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने, राइस फैलो एरिया में दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्राच्छादन को बढ़ाने तथा कृषक उन्नति योजनांतर्गत यूनिफाइड फार्मर पोर्टल में किसानों के पंजीयन के संबंध में सभी मैदानी अमले को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सक्ती में दशहरा उत्सव एवं स्टार नाइट 20 को आकर्षक झांकियां के साथ होगी आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

विजयादशमी के अवसर पर सक्ती में 20 अक्टूबर मंगलवार को भव्य दशहरा उत्सव एवं स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, शाखा सक्ती के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम बाजार ग्राउंड में शाम 6 बजे से शुरू होगा। उत्सव में विभिन्न आकर्षक झांकियां एवं विशाल आतिशबाजी शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन को लेकर नगरवासियों में उत्साह का माहौल है।

दशहरा उत्सव में आकर्षक झांकियों के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक प्रसंगों को प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, विशाल आतिशबाजी शो आयोजन की भव्यता बढ़ाएगा। दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर नगरवासी उत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकजुटता का संदेश साझा करेंगे। आयोजन के अंतर्गत स्टार नाइट भी रखी गई है, जिसमें मनोरंजक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम को यादगार बनाने की तैयारी की गई है। आयोजकों का उद्देश्य नगरवासियों को दशहरे के अवसर पर एक भव्य और आकर्षक आयोजन उपलब्ध कराना है। मारवाड़ी युवा मंच के मनीष कथूरिया एवं राज कुमार अग्रवाल (राजू) ने बताया कि दशहरा उत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर उत्सव की खुशियों में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने का अवसर है। बाजार ग्राउंड, सक्ती में आयोजित होने वाला यह दशहरा उत्सव नगरवासियों के लिए मनोरंजन और उल्लास से भरी शाम लेकर आएगा। आकर्षक झांकियों, स्टार नाइट और विशाल आतिशबाजी के बीच विजयादशमी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

सबसे उत्तम बलिदान आत्म-बलिदान है, जहां जीवात्मा परमात्मा में हो जाता है विलीन : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-बनारी

मनका दाई मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा के तीसरे दिन व्यास आचार्य मनोज पांडेय ने बलिदान के रहस्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सबसे उत्तम कोटि का बलिदान आत्म-बलिदान है। इसमें साधक



- तीसरे दिन व्यास आचार्य मनोज पांडेय ने बलिदान के रहस्य पर डाला प्रकाश

अपने जीवात्म भाव को काटकर परमात्मा पर चढ़ा देता है। इस बलिदान से अज्ञानवश दिखने वाली जीवात्मा और परमात्मा की पृथकता नष्ट हो जाती है और साधक



व्यासपीठ की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

अद्वितीय ब्रह्म का साक्षात्कार कर लेता है।जब तक यह संभव न हो, तब तक द्वितीय कोटि का बलिदान करना चाहिए। इसमें काम रूपी बकरे, क्रोध रूपी भेड़े, मोह रूपी महिष आदि अर्थात षडरिपु का बलिदान किया जाता है। तृतीय कोटि में इंद्रिय प्रिय वस्तु का संकल्पपूर्वक त्याग और चतुर्थ कोटि में प्रवृत्तियों को संयमित कर निवृत्ति की ओर ले जाना है।आचार्य ने कहा कि वामाचार में नैवेद्य के बाद बलिदान को पूजा का अंग माना गया है। इसका भाव सर्वस्व समर्पण है। यदि उपासक ने उपासना के अंत में अपना सब कुछ इष्ट को अर्पित कर भेद भाव मिटा न दिया तो पूजा की पूर्णता नहीं होती। इसी भाव से 'दासोऽहम्' का 'दा' नष्ट होकर 'सोऽहम्' रह जाता है।उन्होंने बताया कि दक्षिणाचार की सात्विक पूजा में पशु बलि का विधान नहीं है। महाकाल संहिता में स्पष्ट कहा गया है कि सात्विक उपासक कभी जीव हत्या न करे। वह ईख, कूष्मांड, नींबू, फल या खोया, आटा, चावल के पिंड से बने पशु की बलि दे। राजसिक पूजा में कूष्मांड, ईख, नींबू की बलि और केवल वामाचार में पशु बलि का विधान है। शास्त्रों में कहा गया है कि काम और क्रोध रूपी दोनों विनाशकारी पशुओं का बलिदान करके ही उपासना करनी चाहिए। यही शास्त्रोक्त बलिदान का वास्तविक रहस्य है।

सोनादह में आंगन मिलन समारोह का आयोजन

बिर्रा। महिला बाल विकास द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सोनादह के आंगनबाड़ी केन्द्र 2 में किया गया। मुख्य अतिथि सेक्टर सुपरवाईजर श्रीमती उर्मिला भारती थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य उत्तरा माखन कश्यप ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में सरपंच सीमा गोविंदा खूंटे ग्राम पंचायत सोनादह, उपसरपंच पूर्णिमा टंडन, पंच बद्रिका महंत, सुदामा चन्द्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजन कर शुरू किया गया।

सेक्टर सुपरवाईजर उर्मिला भारती ने कहा कि बच्चों की नींव मजबूत स्कूल जाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में तैयार की जाती है। उन्होंने आगे बताया कि, मां के गर्भ में जब बच्चा बनने लगता है उस समय मां और बच्चा कमजोर न हो इसलिए उसके पौष्टिक आहार के प्रति ध्यान रखनी होगी, जिससे स्वस्थ समाज बन सके। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों, दालों और हरी सब्जियों का प्रदर्शन कर परिवारों को संतुलित भोजन के बारे में बताया गया साथ ही खिलौना दान, न्योता भोज और सहयोगी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। वहीं स्वास्थ विभाग से मनोज कुमार पटेल (आरएचओ) द्वारा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे गर्भवती पंजीयन, शिशु पंजीयन, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान कार्ड, परिवार नियोजन आदि के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ विभाग से सतरूपा कश्यप (आरएचओ), कु.अन्नापूर्णा कंवर (सीएचओ), मितानिन प्रेरक प्रेरक शिवकुमारी निराला, रोजगार सहायक हेमलता कंवर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी बर्मन, मालती महंत एवं सहायिका जानकी रात्रे, कु.अम्बिका रात्रे, कोमल टंडन, सुशीला बर्मन, ओमकुमारी, शशि मानिकपुरी, अश्वनी महंत और फूलटोरी रात्रे सहित समस्त मितानिन, हितग्राही महिलाएं, बच्चे, अभिभावक और ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने व्यापारियों को बांटे सिक्के

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नवरात्रि पर्व एवं त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन द्वारा एक सराहनीय और जनकल्याणकारी पहल की गई है। संस्था द्वारा नगर के छोटे-छोटे दुकानदारों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए चिल्लर पैसों का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम नगर के शिव बुक सेंटर के सामने आयोजित किया गया, जहां चिल्लर पैसों की किल्लत से जूझ रहे छोटे व्यवसायियों को राहत पहुंचाई गई।

त्योहारों के समय बाज़ार में चिल्लर पैसों की भारी मांग रहती है, जिससे ग्राहकों और दुकानदारों दोनों को लेन-देन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के निवारण हेतु फाउंडेशन ने यह कदम उठाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव एवं जिला उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में कतारबद्ध तरीके से दुकानदारों को चिल्लर (सिक्के) बांटे गए। वितरण के दौरान जिलाध्यक्ष राम नरेश यादव ने कहा कि त्योहारों के दिनों में छोटे व्यापारियों को चिल्लर की



व्यापारियों को सिक्कते वितरण करते फांडेशन के पदाधिकारी।

समस्या के कारण व्यापार में बाधा आती है। हमारी संस्था का सदैव प्रयास रहता है कि समाज के हर वर्ग की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान किया जा सके। वही, जिला उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल ने कहा कि आगे भी संस्था द्वारा जनकल्याण एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में अमन डालमिया,राजेन्द्र राठौर, मानस अग्रवाल सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 150 हितग्राहियों को निःशुल्क चश्मा वितरण

जरूरतमंदों की सेवा ही जनकल्याण का सच्चा संकल्प : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने नेत्र परीक्षण के पश्चात चयनित 150 हितग्राहियों को चश्मे वितरित किए।

इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को दृष्टि संबंधी कठिनाइयों से राहत प्रदान कर उनके दैनिक जीवन को अधिक सुगम बनाना रहा। इस अवसर पर सौरभ सिंह ने कहा कि जनसेवा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता



और समर्पण का भाव है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों तक जनकल्याणकारी गतिविधियों का लाभ पहुंचाना तथा सेवा और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक पहल की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दृष्टि मानव जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। आंखों से संबंधित समस्याएं व्यक्ति की दिनचर्या, कार्यक्षमता और जीवन की सहजता को प्रभावित करती हैं। ऐसे में समय पर नेत्र परीक्षण तथा आवश्यकतानुसार चश्मा उपलब्ध कराना लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. महेंद्र सोनी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेत्र परीक्षण के उपरांत चयनित हितग्राहियों को चश्मे प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रसाद ने किया तथा बीपीएम अनूप मनहर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सक डॉ. आर.के. यादव, कविता बसोर, सहायक पीतेश सिंह चंदेल एवं डी.आर. भारते भाजपा जिला महामंत्री नंदकुमार चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पाटले, जिला उपाध्यक्ष समीर शुक्ला, जनपद अध्यक्ष शकुन अघरिया, अनिल दुबे, पार्षद दिनेश दास महंत, मुरलीधर मिश्रा, सुरेश मिर्चन्य, एल्डरमैन संतोष दुबे, नगर मंडल महामंत्री सुमित सिंह चंदेल, खीलेंद्र सिंह, उमेश सिंह, शेर खान, अनिरुद्ध सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

